## चौदहवें दिन भी बड़ी संख्या में पहुंचे स्कूली बच्चे और अभिभावक

# पुस्तक मेला ने बनाई अपनी अलग पहचान

**जबलपुर**। जिला प्रशासन द्वारा शहर के हृदय स्थल शहीद स्मारक प्रांगण, गोलबाजार में आयोजित किए जा रहे पुस्तक मेला में आज सोमवार को भी रियायती दरों पर पुस्तक, कॉपी एवं यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और अभिभावक पहुँचे। जबलपुर में इस बार बेहतर स्वरुप में आयोजित किए गए पुस्तक और गणवेश मेला ने अपनी अलग छाप छोडी है। पुस्तकों, कॉपियों, गणवेश और स्कूल बैग के स्टॉलों के अलावा बुक बैंक का स्टॉल तथा रोज शाम आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं फूड जोन में लगाए गए तरह-तरह के व्यंजनों के स्टॉल मेले का आकर्षण बने रहे। पुस्तक और गणवेश मेले का समापन मंगलवार को होगा।





पुस्तक मेला के चौदहवें दिन आज भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर श्री पुष्पराज सिंह बघेल, श्री रुपेश पटेल एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। श्री पटेल ने अपने संबोधन में पुस्तक मेला के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जबलपुर प्रदेश का पहला ऐसा जिला था जहाँ निजी स्कूलों, प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं के गठजोड़ को तोड़ने पिछले वर्ष पुस्तक मेला लगाने की शुरुआत की गई। जबलपुर द्वारा दिखाई गई इस राह को प्रदेश के अन्य जिलों ने भी अपनाया। राज्य शासन ने भी जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी जिलों में पुस्तक मेला लगाने के निर्देश जारी किये। श्री पटेल ने पुस्तक मेला में लगाए गए बुक बैंक स्टॉल की भी सराहना की। उन्होंने बुक बैंक के स्टॉल से पाठ्य पुस्तकों की खरीदी पर बच्चों और अभिभावकों द्वारा दी जाने वाली राशि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में जमा करना और इस राशि का उपयोग सामाजिक सरोकारों और सेवा के कार्यों में करना एक प्रशंसनीय और अनुकरणीय पहल बताया। इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। जिसकी सभी कला प्रेमियों ने खूब सराहना की। मंचासीन अतिथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई



# बच्चे हैं देश के भविष्य, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करें: मंत्री प्रहलाद पटेल

**जबलपुर**। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री पहलाद पटेल के मुख्य आतिथ्य में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी के 58वें शपथ समारोह आयोजित की गई।इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी बच्चों अपनी प्रतिभा से आगे बढ़े, गुरु जन उन्होंने सतत मार्गदर्शन करें, ताकि वे अपने सुंदर भविष्य के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। बच्चे देश के भविष्य होते हैं अतः उनके जीवन संवारने की दिशा में हर संभव प्रयास करना चाहिए।समारोह में विधायक कैंट श्री अशोक रोहाणी,कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा,मप्र विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष श्री राकेश सिंह गुर्जर,कुलसचिव डॉ. राजेंद्र कुमार बघेल व विवि परिवार मौजूद थे।

## एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में एम.आई.सी. से प्रस्ताव पारित

# 62 स्थानों पर पेड पार्किंग की दरें स्वीकृत

जबलपुर।

एक राष्ट्र एक चुनाव कराने के संबंध में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में लिए गए निर्णय और केंद्र सरकार के आह्वान को नगर निगम जबलपुर ने भी समर्थन किया है। इस संदर्भ में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव एम.आई.सी. से पारित किया गया। महापौर ने इस प्रस्ताव को पारित करते हुए शहर के विकास और नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अन्य प्रस्तावों पर भी चर्चा की और मेयर इन काउंसिल की बैठक में स्वीकृति प्रदान की। बैठक में मेयर इन काउंसिल के सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, और अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोटिया, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, पी.एन. सनखेरे, सहायक आयुक्त आनंद मिश्रा, सुश्री अंकिता बर्मन, फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, और सभी विभागीय प्रमुख एवं सचिव के.सी. पाण्डेय भी उपस्थित थे।



महापौर ने बताया कि श्रीनाथ की तलैया में एक भव्य और राष्ट्रीय स्तर की चौपाटी नागरिकों को शीघ्र ही मां नर्मदा प्रसादम मार्केट के रूप में सौगात दी जाएगी, इसके लिए बहुत शीघ्र निविदा जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसी तरह शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है, जिसकी स्वीकृति भी आज एम.आई.सी. से प्राप्त हो गई है। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि शहर के प्रमुख 62 स्थलों पर नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेड पार्किंग की व्यवस्था के लिए निविदा जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

महापौर ने बताया कि बहुत शीघ्र ही नागरिकों को 62 पेड पार्किंग की सुविधा मिलेगी। पार्किंग दरों के अनुसार, दो पहिया वाहनों के लिए प्रतिदिन 2 घंटे के लिए 5 रूपये, 4 घंटे के लिए 10 रूपये, 8 घंटे के लिए 15 रूपये, 12 घंटे के लिए 20 रूपये, 12 घंटे के बाद प्रति घंटा 5 रूपये, 7 दिनों के लिए 100 रूपये और मासिक शुल्क 300 रूपये निर्धारित किए गए हैं। वहीं, चार पहिया वाहनों के लिए प्रतिदिन 2 घंटे के लिए 10 रूपये, 4 घंटे के लिए 20 रूपये, 8 घंटे के लिए 30 रूपये, 12 घंटे के लिए 40 रूपये, 12 घंटे के बाद प्रति घंटा 10 रूपये, 7 दिनों के लिए 1000 रूपये और मासिक शुल्क 2500 रूपये तय किए गए हैं।



# अपर कलेक्टर ने लिया आग से प्रभावित फसलों का जायजा

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड ने सिहोरा तहसील के ग्राम मोहतरा और बंधा पहुंचकर आग से प्रभावित गेहूं फसल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पाया कि दोनों ग्रामों में लगभग 65 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की फसल आग से प्रभावित है। उन्होंने प्रभावित किसानों से इस संबंध में चर्चा किया और आरबीसी 6(4) के तहत यथाशीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। साथ ही नरवाई प्रबंधन के उचित तरीकों के संबंध में जानकारी देते हुए नरवाई जलाने के दुष्परिणामों के बारे में बताया। इस दौरान एसडीएम रूपेश सिंघई और तहसीलदार शशांक दुबे सहित राजस्व अमला और किसान मौजूद थे। अपर कलेक्टर गोंड ने मंझौली तहसील के मझौली और मोहनिया ग्राम का भी दौरा कर वहां भी प्रभावित किसानों से चर्चा कर कहा कि आरबीसी 6(4) के तहत यथाशीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। मझौली तहसील के उक्त ग्रामों में आग से 19 किसानों की लगभग 35 एकड़ क्षेत्र में गेहूं की फसल में से 15 एकड़ में क्षति पहुंची है।



# ई-श्रम कार्ड बनाये जाने के लिए पंजीयन शिविर आयोजित

**जबलपुर**। श्रमायुक्त मध्यप्रदेश के निर्देशन एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना के मार्गदर्शन में सहायक श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा गिग एवं प्लेटफॉर्म जैसे ब्लिंकिट, जोमाटो, स्विगी,अमेज़न, फ्लिपकार्ट व ई-कॉमर्स वर्कर्स का ई-श्रम कार्ड बनाये जाने के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय उप मुख्य श्रम आयुक्त श्री एस जी मजूमदार, सहायक श्रमायुक्त शिवएसके सिरवैया, केंद्रीय सहायक श्रमायुक्त श्री एच पी चौरसिय , एएलओ अंकिता जैन एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# मंगलवार को बिखरेंगे राजस्थानी लोकसंगीत के रंग

जबलपुर।

बरगी बांध के समीप स्थित मंडला जिले के ग्राम देवरी बकई में नर्मदा तट पर आयोजित पंद्रह दिनों के झील महोत्सव में साहसिक गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चल रहे हैं। झील महोत्सव में कल मंगलवार को राजस्थानी लोकसंगीत के रंग दिखाई देंगे। राजस्थान का शिवनारायण समूह चकरी, घूमर चरी और कालबेलिया आदि लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे।

बरगी की अथाह जल राशि के निकट साहसिक खेल, स्वादिष्ट पकवानों और संगीत की स्वर लहरी लोगों को आनंदित कर रही है। शनिवार से आरंभ हुए झील महोत्सव के तीसरे दिन हाट एयर बैलून पर्यटकों के आकर्षक का केंद्र रहा। इसके साथ-साथ उड़ान भरते पैरामोटर ने आसमान में लाल पीले रंग बिखेर दिए।उधर वाटर स्पोर्ट्स के अंतर्गत बनाना राइड, वाटर स्कूटर और फ्लाई बोट जैसी राइडों का आंनद पर्यटक उठा रहे हैं। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन और संस्कृति परिषद के इस 15 दिवसीय आयोजन में बच्चों ने जहा बर्मा ब्रिज और रॉक क्लाइम्बिंग का मजा लिया तो युवाओं ने बंजी जंपिंग लुत्फ उठाया। सभी राइड्स सतपुड़ा स्पोर्ट्स क्लब, पचमढ़ी के प्रशिक्षित युवा करा रहे हैं।



### पर्यटन सखियों के केनवास बैग की मांग

झील महोत्सव में लगे डोम में लगा पर्यटन सखियों का स्टॉल लोगों को लुभा रहा है। पर्यटन सखियों के हाथ से बने केनवास के थैलों पर बनी जबलपुर के बैलेंसिंग रॉक, घंटाघर आदि आकृति आंखों में चमक ला देती हैं। ये हस्तशिल्प बनाने वाली महिलाएं मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन योजना के अंतर्गत आत्मनिर्भर बनी हैं।

मंडला मार्ग पर स्थित समाधि रोड से आगे बरगी बांध के पहाड़ियों व द्वीपों से घिरे नर्मदा तट पर पर्यटकों के रुकने के लिए टेंट सिटी बनाई गई है। यहां लगे स्विस टेंट पर्यटकों को ठहरने का अलग अनुभव करा रहे हैं।

# गरुड़ दल ने किया दुर्गा नगर रामपुर स्थित निजी क्लीनिक का निरीक्षण

**जबलपुर**। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों में नियामक नियमों का पालन कराने गठित गरुड़ दलों में से एसडीएम गोरखपुर के गरुड़ दल के सदस्यों ने सोमवार को दुर्गा नगर रामपुर में पांडे क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के अनुसार नायब तहसीलदार राजेश मिश्रा के नेतृत्व में की गई औचक निरीक्षण की इस कार्यवाही के दौरान मौके पर क्लीनिक संचालक डॉ महेंद्र पांडे उपस्थित मिले। क्लीनिक के निरीक्षण का पंचनामा मौके पर तैयार किया गया तथा क्लीनिक में उपलब्ध दवाइयों की सूची दल के सदस्य डॉ व्यास द्वारा तैयार की गई जो इलेक्ट्रो होम्योपैथी की होना पाया गया। क्लीनिक में निरीक्षण के दौरान मरीज नहीं पाए गए। क्लीनिक संबंधी दस्तावेज मांगे जाने पर डॉ महेंद्र पांडे द्वारा बताया गया कि पूर्व में एक प्रकरण में उनके लाइसेंस संबंधी दस्तावेज न्यायालय में जमा है। एसडीएम गोरखपुर ने बताया कि गरुड़ दल द्वारा डॉ पांडे से न्यायालय में प्रचलित प्रकरण और उसमें संलग्न दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई है। तदनुसार कार्यवाही की जाएगी। गरुड़ द्वारा की गई यह कार्यवाही राजस्व, पुलिस और स्वास्थ विभाग के अमले की उपस्थिति में की गई।



# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया श्रमदान

**जबलपुर**। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पनागर विकासखंड के ग्राम निरंद्रपुर में परियट नदी के तट पर साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। नवांकुर संस्था जनहित स्वयं सेवी संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति निरंद्रपुर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में सभी ग्रामवासियों को जल संरक्षण के माध्यम से श्रमदान करके जागरूक किया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड समन्वयक पनागर भारत महरोलिया, नवांकुर संस्था प्रभारी संजीत अहिरवार ,प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजकुमार बर्मन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सांसद की अध्यक्षता में हुई नर्मदा परिक्रमा पथ के समग्र विकास के संबंध में बैठक

**जबलपुर**। सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में एवं विधायक बरगी नीरज सिंह की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभा कक्ष में नर्मदा परिक्रमा पथ के समग्र विकास के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बनाये गये सिपरी एप के माध्यम से पारम्परिक परिक्रमा पथ का विस्तृत सर्वे पर चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत ने शासन की मंशा से अवगत कराते हुये पथ को सुगमता से बनाये जाने, पथ के आस-पास वृक्षारोपण कराये जाने का सुझाव दिया गया। जिसमें जनपद पंचायत के अंतर्गत 45 एवं शहपुरा के 37 ग्रामों से पथ का निर्गम होगा। पथ के आस-पास कच्चा रास्ता होने पर रोड एवं नाला होने पर पुल-पुलिया के कार्य के साथ ही घाट निर्माण कार्य का प्रस्तावित किया गया।परिक्रमा वासियों को यात्रा के दौरान पानी, शौचालय, यात्री निवास आदि की विशेष व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। विधायक बरगी श्री सिंह ने परिक्रमा वासियों को रुकने के लिये लगभग 15 से 20 कि. मी. की दूरी में यात्री निवास, सामुदायिक भवन, स्वस्थ्य सुविधा मुहिया कराने का सुझाव दिया।



सांसद श्री दुबे ने कहा कि पूर्व में जो भी साधु-संतों के द्वारा नर्मदा परिक्रमा की गई है, उनका भी सुझाव साझा किया जाए।

## खबर संक्षेप

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कालेज में आयोजन

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ मनोज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में एन सी सी यूनिट के अंतर्गत डॉ अर्चना नामदेव एन सी सी ऑफिसर के निर्देशन में एवं जीसीआई एनसीसी हर्षिता सिंह की उपस्थिति में हेल्थ एंड हाइजीन ओ.टी.रनिंग एवं फिटनेस,टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत रनिंग टेस्ट ग्राउंड में एवं हेल्थ एंड हाइजीन,मैप रीडिंग आदि के टेस्ट रिटर्न मोड में लिए गए। टेस्ट के माध्यम से कैडेट्स में हेल्थ और फिटनेस के प्रति जागरूकता पैदा की गई। उपरोक्त गतिविधियों में 60 कैडेट्स की उपस्थिति दर्ज की गई।

### सराफा एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आज

**जबलपुर।** सराफा एसोसिएशन जबलपुर नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज मंगलवार 8 अप्रैल दोपहर 12:30 से महेश भवन गोपाल बाग मे आयोजित किया गया है। नव नियुक्त अध्यक्ष अजय बख्तावर मंत्री अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष ओम सोनी उपाध्यक्ष नवीन सराफ, महेंद्र ओसवाल सह मंत्री के के सुहाने, विवेक अग्रवाल ने उपस्थिति की अपील की है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की जानकीरमण अस्पताल में उपचार दौरान मौत हो गई। पुलिस से ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरिया सिंगौद निवासी 34 वर्षीय अरविंद केवट को सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण गत 4 अप्रैल की रात लगभग 11 बजे पत्नी रेशमा केवट द्वारा जानकीरमण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान सोमवार की सुबह लगभग 6.5 बजे अरविंद केवट की मौत हो गई।

### नर्मदा तट से 5किलोमीटर में खुली अंग्रेजी देशी मदिरा दुकान

# आबकारी विभाग नहीं मानता राज्य सरकार के आदेश

हरिभूमि न्यूज भेड़ाघाट।

राज्य सरकार ने नर्मदा तट से 5 किलोमीटर दूर शराब दुकान खोलने के आदेश दिए गए थे लेकिन जबलपुर आबकारी विभाग को भेड़ाघाट पर्यटन स्थल मार्ग पर देशी विदेशी मदिरा दुकान खुली है मां नर्मदा परिक्रमा वासी भी इसी मार्ग से निकलते हैं और सरस्वती घाट से मात्र 3 किलोमीटर पर अंग्रेजी देसी मदिरा की दुकान खुली है यहां से पर्यटकों के साथ श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है।

भेड़ाघाट का मुख्य द्वार यही हैं शाम ढलते ही यहां पर शराब प्रेमियों का जमवाड़ा लगा रहता है यहां से पैदल महिलाओं का निकलना तक दुश्वार को जाता हैं कोई भी धार्मिक पैदल झंडा यात्रा भागवत पुराण अन्य कार्यक्रम होते हैं तो इसी मार्ग से नर्मदा दर्शन हेतु श्रद्धालु भक्त जाते हैं नवरात्रि में जवारे विसर्जन हो या नवरात्रि का दशहरा चल समारोह इसी मार्ग से नर्मदा तट जाता हैं और शराब में झूमते शराबियों की हरकतें देखकर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के मन में खिन्नता देखी गई कि विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट मार्ग पर आबकारी विभाग सरकार के आदेशों पर भारी पड़ रहा है ऐसा लोगों की जन चर्चाओं में सुना जा सकता है मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नर्मदा तट से कई देसी अंग्रेजी शराब दुकानों को बंद कराया है लेकिन भेड़ाघाट पर 3 किलोमीटर की दूरी पर देसी अंग्रेजी दुकान खुली है और मुख्य पर्यटन स्थल मार्ग भी यही है शासन प्रशासन से भेड़ाघाट वासियों ने मांग करते हुए कहा है कि मां नर्मदा के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को देखते हुए देसी अंग्रेजी शराब अनियंत्रित स्थापित की जाए जिससे भेड़ाघाट की धूमिल होती छवि को बरकरार रखा जा सके।



**बंद कराई जानी चाहिए शराब दुकान**

राज्य शासन के आदेश अनुसार 5 किलोमीटर की दूरी पर शराब मदिरा दुकान होना चाहिए लेकिन भेड़ाघाट में तीन से चार किलोमीटर में है शासन प्रशासन द्वारा शीघ्र बंद कराई जानी चाहिए।

चतुर सिंह लोधी
अध्यक्ष नगर परिषद भेड़ाघाट

## कार की टक्कर से 4 मजदूर घायल

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत श्रृद्धा धाम जमुनिया के सामने एक कार ने दो बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें सवार चार मजदूर नीचे गिरकर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लुहारी थाना पटेरा जिला दमोहन निवासी 40 वर्षीय ठेकेदार मनोहर सिंह लोधी सोमवार को अपने साथ काम करने वालें दमोह निवासी सोने सिंह, जीवन सिंह, रविन्द्र कुर्मी एवं नगीता के साथ काम करने के लिये संस्कार सिटी जबलपुर जा रहे थे। एक मोटर सायकल में उसका भाई सोने सिंह तथा जीवन सिंह लोधी तथा दूसरी मोटर सायकल में रविन्द्र कुर्मी तथा नगीता सिंह थे, तीसरी मोटर सायकल में ठेकेदार मनोहर था। सुबह लगभग 7 बजे श्रृद्धा धाम जमुनिया के सामने पहुंचे तभी कार क्रमांक एमपी 20 सीए 3832 के चालक ने उसके भाई सोने सिंह एवं रविन्द्र कुर्मी की मोटर सायकलों में टक्कर मार दी, जिससे चारों मोटर सायकल सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। ठेकेदार मनोहर ने चारों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# अष्टधातु की श्रीराम जानकी मां दुर्गा की हुई महाआरती



**सिहोरा।** नवरात्रि पर निकटवर्ती गांधीग्राम के बाजार स्थल में अष्टधातु निर्मित श्री राम,मां जानकी की मूर्ति एंव संगमरमर की मां दुर्गा की दिव्य चतुर्भुजी प्रतिमा की नवरात्रि पर पुजारी पुनीत तिवारी ने महाआरती कराई जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। मंदिर समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल,चमनलाल असाटी,पुष्पराज सिंह बघेल, भागचंद साहू,राजू विश्वकर्मा,विजय पंडा,मंहगू चौरसिया सहित अनेक भक्तों ने अपने हाथों से 108 ज्योति कलशों वाली दीपक को लेकर माता रानी की महाआरती उतारी और पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रीमती ललितेश सिंह, महेश सेन, रेवाशंकर असाटी, सुरेश असाटी, विजय चौरसिया, उमेश असाटी, हरिशंकर तिवारी, गोरीशंकर, अजय गौतम, बंटू मिश्रा, मनोहर तिवारी आदि उपस्थित थे।

# ब्लॉक कांग्रेस सिहोरा ने फूंका सीएम का पुतला



**सिहोरा।** परिवहन घोटाले के मुख्य आरोपी सौरभ शर्मा को जमानत मध्य प्रदेश सरकार की नाकामियों की वजह से अदालत ने दे दी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास गृह मंत्रालय है लेकिन उन्होंने शर्मा का अदालत में चालान पेश नहीं किया जिस वजह से परिवहन घोटाले का मुख्य आरोपी को जमानत दे दी गई।इसी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा द्वारा सिहोरा बस स्टैंड थाने के सामने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन के मार्गदर्शन में सीएम का पुतला दहन किया गया।प्रदेश की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है सरकार ने अगर शर्मा एवं घोटाले में शामिल अन्य नेताओं की जांच कर उन्हें सजा नहीं दिलाई तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के अध्यक्ष बिहारी पटेल,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव एवं पार्षद राजेश चौबे,लाल बहादुर पाठक,पार्षद रमेश पटेल,पूर्व पार्षद आलोक पांडे,गणेश दाहिया,राजेश पटेल,राम लोचन गोटिया,शंकर वंशकार,के के कुररिया, संतोष पांडे,घनश्याम बडगैया,बालाराम तंतुवाय, जितेंद्र तिवारी,राहुल पांडे,लटोरी गुप्ता,गुल्लू खान, जगदीश सैनी,गिरधर सरावगी,डब्बू पाठक,युसूफ भाईजान,ललित दुबे,रमाशंकर चौरसिया,अशोक पटेल,दिलीप जैन,डॉ कमल श्रीवास,राजकुमार बिरहा,मनीष पटेल,अकबर मंसूरी,मोनू मंसूरी आदि उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग ने जप्त की 33 हजार की मदिरा

**सिहोरा।** आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार मदिरा के अवैध निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने के मद्देनज़र कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त के मार्गदर्शन में वृत्त सिहोरा के मझौली में अवैध मदिरा के संग्रहण की सूचना पर गत दिवस लगभग 4 बजे पर पार्वती दाहिया पति रमेश उर्फ़ पार्टनर दाहिया के वार्ड न 9 पानी टंकी के पास बाजार प्लॉट थाना मझौली स्थित आवास पर दबिश दी गयी। तलाशी के दौरान उक्त मकान से 09 पेटी देशी मदिरा प्लेन (450पाव), कुल 81 बल्क लीटर मदिरा बरामद की कार्यवाही में जप्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 33750/- रु है।आरोपी के विरुद्ध म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क व 34(2)का प्रकरण दर्ज किया गया।कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्वेता सिंह तिवारी एवं मुख्य आरक्षक नेकलाल बागरी,आरक्षक संत लाल मरावी,फूल सिंह ऐंटिआ,अमिता केशरवानी, अशोक सिंह बघेल एवं ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

### इस तकनीक से होने वाले फायदों से किसानों को अवगत कराया

# नरवाई प्रबंधन की हाइटेक विधि है हैप्पी सीडर

हरिभूमि जबलपुर।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास जबलपुर द्वारा नरवाई जलने से खेत की उर्वरक शक्ति को होने वाले नुकसान को रोकने किये जा रहे जागरूकता के प्रयासों के तहत सोमवार को विकासखण्ड पाटन के ग्राम पोंडी के किसान मुरारी लाल पटेल के खेत में ग्रीष्म कालीन मूंग की बोनी का हैप्पी सीडर से किसानों के समक्ष जीवंत प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान मौके पर मौजूद किसानों को अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने बताया कि हैप्पी सीडर नरवाई प्रबंधन की हाई टेक विधि है। उन्होंने बताया कि हैप्पी सीडर द्वारा फसल काटकर सीधे बोनी की जाती है। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को नरवाई प्रबंधन से होने वाले फायदों से भी अवगत कराया। किसानों को बताया गया कि नरवाई से मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार होता है। नरवाई मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ जोड़ती है, जिससे मिट्टी की संरचना, जल धारण क्षमता और उर्वरता बढ़ती है।

इसके साथ ही नरवाई मिट्टी की सतह को ढंककर रखती है, जिससे वाष्पीकरण कम होता है और मिट्टी में नमी बनी रहती है। नरवाई खरपतवारों के अंकुरण और विकास को दबाने में भी मदद करती है। यह मिट्टी को बहने और कटने से बचाती है और धीरे-धीरे विघटित होकर मिट्टी में पोषक तत्वों को वापस लाती है। नरवाई मल्च के रूप में कार्य करती है, जो शून्य जुताई जैसी टिकाऊ कृषि पद्धतियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाती है।

प्रदर्शन में किसानों को यह भी जानकारी दी गई कि हैप्पी सीडर को किसान ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर खरीद सकते है। इसकी अनुमानित राशि 2 लाख 60 हजार से 2 लाख 85 हजार रुपये है। इस पर 1 लाख 5 हजार रुपये का अनुदान भी कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दिया जाता है। हैप्पी सीडर से ग्रीष्म कालीन मूंग के प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज श्रीवास्तव एवं कृषि विस्तार अधिकारी सीमा राउत तथा किसान भैया जी पटेल, ओमकार पटेल, उमेश पटेल, नीलेश पटेल, महेंद्र पटेल, निमित पटेल एवं अन्य किसान उपस्थित थे।



## चाकू से हमला कर लूट करने वाले 2 नाबालिग सहित युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** मदनमहल पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने महानद्दा ओवर ब्रिज के नीचे एक युवक पर चाकू से हमला कर मोबाइल, पर्स और बाईक छीनने वालें एक आरोपी और दो नाबालिग को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोबाइल, चाकू और बाईक जब्त की है। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेल मोहल्ला मदनमहल निवासी 21 वर्षीय सेकेण्ड ईयर छात्र राहुल आर्मो गत रात लगभग 1.30 बजे अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 एनडब्ल्यू 7019 से छोटी लाईन फाटक की ओर से लौट रहा था। महानद्दा ओवर ब्रिज के नीचे शुभ मोटर्स के पास तीन अज्ञात लड़कों ने उसे रोका और चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर उसका पर्स, मोबाइल और बाईक छीनकर मदनमहल चौक तरफ भाग गए। पर्स में दो हजार रूपये एवं दस्तावेज गाड़ी का रजिस्ट्रेशन, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य कागजात रखे थे। पुलिस ने तीनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(6) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है। सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर गुरहा तालाब थाना गढ़ा निवासी 18 वर्षीय राज प्रजापति और 17 वर्षीय व 16 वर्षीय नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे पर्स, मोबाइल और बाईक जब्त की है। पूछताछ में तीनों ने लूट की वारदात करने की बात स्वीकार की हैं।



## जेवर खरीदने के बहाने सोने की चेन पार करने वाला युगल गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी बाजार मेन रोड में स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान से सोने की चेन चोरी कर ले जाने वालें युवक व युवती को पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर खोजकर गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से सोने की चेन भी बरामद कर ली है। रांझी मेन बाजार स्थित शारदा ज्वेलर्स में गत दिवस एक युवक व युवती सोने की चेन देखने के बहाने आए और सात मिलीग्राम की चेन चोरी कर ले गए। दुकान संचालक सचिन सोनी की रिपोर्ट पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की। यहां विवेचना के दौरान पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले और आरोपियों की तलाश की। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर सर्रापीपर स्थित एक घर में दोनों आरोपी ज्योति कुलस्ते और गंगा सिंह धुर्वे को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने की चेन जब्त की है। पूछताछ करने पर दोनों ने चोरी करने की बात स्वीकार की। बरामद की गई चेन की कीमत 76 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(4), 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



# जिले में पोषण पखवाड़ा आज से

**जबलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण और जन समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाडा के सातवें संस्करण का आयोजन किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ के अनुसार पोषण पखवाड़ा के आयोजन को लेकर एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में पर्यवेक्षकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में पोषण पखवाड़ा के आयोजन रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया जरूरी निर्देश दिये गये। श्री सेठ ने बताया कि इस बार आयोजित किया जा रहा पोषण पखवाडा की मुख्य थीम जीवन के प्रथम एक हजार दिवस में केंद्रित गतिविधियां, लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार, समुदाय आधारित तथा पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने पर बल दिया जाना है। उन्होंने बताया कि पखवाड़ा के अंतर्गत थीम आधारित आयोजित की जाने वाली गतिविधियों को कैलेंडर के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी अवगत करा दिया गया है। पोषण पखवाड़े के दौरान पोषण शपथ तथा नारे लेखन के माध्यम से भी जन समुदाय को जागरूक किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी के मुताबिक पोषण पखवाड़ा के दौरान साइकिल रैली, युवा रैली, पोषण रैली, वर्षा जल संचयन गतिविधियां, विभिन्न विभागों के अभिसरण से कुपोषण निगरानी संगोष्ठी, स्थानीय खाद्य विविधता एवं मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा देने कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। इनके अलावा बच्चों, किशोरियों और महिलाओं में एनीमिया के रोकथाम हेतु गतिविधियों का आयोजन, डायरिया प्रबंधन संबंधी गतिविधियां आदि का आयोजन भी परियोजना, सेक्टर तथा आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर किया जायेगा।

### रादुविव में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# छात्राओं ने सीखी स्टेंसिल और ब्लॉक प्रिंटिंग की बारीकियां

**जबलपुर।** विश्वविद्यालय व्यवसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा एक दिवसीय का आयोजन हुआ जिसमें अतिथियो ने कराया बैग्स में विभिन्न प्रकार की प्रिंटिंग। एक दिवसीय कार्यशाला में स्टेंसिल बनाने की अलग अलग विधि सिखाई गई जिसमें प्रमुख रूप से पेपर स्टेंसिल,ओ एच पी सीट एवं रेडिमेंड स्टेंसिल का उपयोग करते हुए बैग पर स्टेंसिल प्रिंटिंग किया।साथ में छात्र छात्राओं ने लकड़ी के ब्लॉकस बनाया एम उसके बाद ब्लॉक प्रिंटिंग करना सिखाया गया। पीडी लाइट कंपनी विषय विशेषज्ञ श्रीमती शिल्पी झुरेले जी ने छात्र छात्राओं स्टेंसिल एवं ब्लॉक प्रिंटिंग करना सिखाया । विषय विशेषज्ञ डॉ रचना अग्रवाल ,होमसाइंस महाविद्यालय,जबलपुर ने प्रथम सत्र में बयाख्यान में छात्र छात्राओं को प्रिंटिंग के महत्व और सावधानियों से अवगत कराया। कार्यशाला के समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि श्री अनुराग जैन,अध्यक्ष गारमेंट्स क्लस्टर,जबलपुर ने बताया कि फैशन के इस युग में समय के अनुसार छात्र छात्राओं को अपडेट रहना होगा पाठ्यक्रम में भी इस तरह का प्रावधान रखा जाना उचित होगा। मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो राजेश कुमार वर्मा जी ने बताया कि कार्यशाला में जिन जिन छात्र छात्राओं ने ब्लॉक प्रिंटिंग के विभिन कलाओं का उपयोग कर के प्रिंटिंग सिखा है उसको अधिक से अधिक जगहों पर उपयोग करके स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बन सकते है। कार्यक्रम संयोजक एवं संस्थान निदेशक प्रो सुरेंद्र सिंह जी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य फैशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में रोजगार के अपार संभावनाएं है जिस में लोग रुचि लेकर कार्य करने को प्रेरित होवे।समापन सत्र में सभी पंजीकृत छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ मीनल दुबे एम आभार प्रदर्शन डॉ अजय मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में सुश्री प्रियंका सिंह,सुश्री जवफीशा अंसारी,डॉ तरुणा राठौर,श्रीमती सपना पाण्डेय,सुश्री रविता सिंह, महावीर त्रिपाठी सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।






**श्री जीतेंद्र आगीचा-** आदित्य कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री अर्जुनदास आगीचा के पुत्र श्री जीतेंद्र आगीचा (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जनकराज शर्मा-** शक्ति नगर नब्बे क्वाटर्स के पीछे पहाड़ी वाली रोड निवासी श्री जनकराज शर्मा (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ओ.ए. जायनिक-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री ओ.ए. जायनिक (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शिवकुमारी सेन-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री दयाशंकर सेन की धर्मपत्नी श्रीमती शिवकुमारी सेन (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद कुमार दुबे-** लमती निवासी श्री विनोद कुमार दुबे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष सिंह राजपूत-** नौदरा पुल के निकट निवासी श्री संतोष सिंह राजपूत (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती महारानी श्रीवास्तव-** दुर्गा कॉलोनी संजीवनी नगर निवासी श्री प्रेमचंद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती महारानी श्रीवास्तव (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित बिहूनिया-** नटबाबा पहाड़ी सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री संतोष कुमार बिहूनिया के पुत्र श्री अमित बिहूनिया (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम कुमार जायसवाल-** सालीवाड़ा गौर निवासी श्री श्याम कुमार जायसवाल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सनी गढ़वाल-** शिवाजी नगर मांडवा रामपुर निवासी श्री बबलू गढ़वाल के पुत्र श्री सनी गढ़वाल (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री आरके सिंह-** पचपेढ़ी रोड साउथ सिविल लाइन निवासी सेवानिवृत्त प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश श्री आरके सिंह (भानू) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुख लाल बेन-** रक्षा नगर कॉलोनी बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री सुख लाल बेन (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।


**श्री उदय सिंह ठाकुर-** रांझी मेन रोड जैन मंदिर के पास निवासी श्री उदय सिंह ठाकुर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रा देवी मुल्तानी-** गुडविल अपार्टमेंट चौथा पुल रोड निवासी श्री हरबक्श राय मुल्तानी की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रा देवी मुल्तानी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री इंदर लाल वासवानी-** एकता नगर विवेकानंद वार्ड आकर्ष टाउनशिप के पास निवासी श्री इंदर लाल वासवानी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160




# 'तन्वी द ग्रेट' का फर्स्ट लुक जारी नहीं दिखा एक्ट्रेस का चेहरा...

**मुंबई।** 7 अप्रैल को अनुपम खेर ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का पहला लुक जारी कर दिया है, लेकिन अफसोस की इसके पहले लुक में अभिनेत्री का चेहरी नहीं दिखाया गया है। लेकिन, क्या आपको पता है कि इस फिल्म को बनाने का फैसला अनुपम ने चार पहले ही ले लिया था। अनुपम खेन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का पहला लुक जारी किया और लिखा, 'मैंने तन्वी द ग्रेट फिल्म बनाने का फैसला आज से लगभग चार साल पहले लिया था और फिर चार साल लगे इसे लिखकर बनाने में। अब मेरे इस 'दिल के टुकड़े'को आप सबके साथ शेयर करने का वक्त आ गया है। पर धीरे धीरे।

लाइफ Style

# अनुष्का

## कोरियन डांसर के साथ किया एनर्जेटिक डांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का सेन ने सोशल मीडिया पर अपना बेहतरीन डांस वीडियो शेयर किया है। यूजर इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री अनुष्का सेन ने छोटी उम्र में ही काफी नाम कमाया है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह यहां अपनी खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं।

अनुष्का की फोटोज और वीडियो का उनके फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। हाल ही में अनुष्का सेन ने सोशल मीडिया पर अपना बेहतरीन डांस वीडियो शेयर किया है। यूजर इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अनुष्का सेन ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वह वन पीस में एनर्जेटिक डांस कर रही हैं। डांस करते हुए अनुष्का काफी खुश हैं। वह चेहरे से बेहतरीन एक्सप्रेशन दे रही हैं। अनुष्का सेन साउथ कोरियन डांसर लीआ किम के साथ डांस कर रही हैं। अनुष्का ने उनका शुक्रिया अदा किया है। अनुष्का सेन के नए डांस वीडियो को उनके फैंस लाइक कर रहे हैं और इस पर बेहतरीन कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है अनुष्का में बहुत ऊर्जा है। एक और यूजर ने लिखा है 'आपके मूव्स अच्छे हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'आपके बाल काफी अच्छे लग रहे हैं।' वीडियो पर एक घंटे में एक मिलियन व्यूव्ज आ चुके हैं। आपको बता दें कि अनुष्का सेन 22 साल की एक्ट्रेस हैं। उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की। सबसे पहले अनुष्का सेन साल 2009 में 'यहां मैं घर घर खेली' सीरियल में नजर आई थीं। साल 2012 में वह 'बालवीर' सीरियल से मशहूर हो गईं।



हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फिल्मों से मचाया धमाल

**लॉस एंजिल्स।** जैकी चैन सिनेमा जगत का एक ऐसा नाम है, जो किसी पहचान का मोहताज नहीं है। हॉन्ग कॉन्ग के प्रसिद्ध अभिनेता जैकी चैन अपने एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। आज अभिनेता अपना 71वां जन्मदिन मना रहे हैं। चैन के जन्मदिन पर जानेंगे उनके बॉलीवुड कनेक्शन के बारे में। इन भारतीय अभिनेत्रियों के साथ जमाई जोड़ी। हॉन्ग कॉन्ग में जन्में इस शख्स ने अभिनय की दुनिया में अपना जादू बिखरने का काम किया। फिल्मों में सिर्फ एक्शन ही नहीं, बल्कि शानदार कॉमेडी से जैकी चैन ने लोगों में दिलों में शानदार जगह बनाई।



# ट्रेंड कर रहा है ट्रॉन : एरेस का ट्रेलर...

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस हॉलीवुड फिल्म का दर्शकों को लंबे वक्त से इंतजार रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में इतना उत्साह है कि इसके ट्रेलर पर दो दिन में ही लाखों में व्यूज आ चुके हैं। यह फिल्म 10 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। डिज्नी की फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर सोशल मीडिया खासकर यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। इस फिल्म को दो दिन में लगभग आठ लाख व्यूज मिले हैं। 17 हजार कमेंट्स भी आए हैं। दर्शकों ने कमेंट सेक्शन में फिल्म को लेकर काफी उत्साह दिखाया है। फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर देखकर, इसके वीएफएक्स को देखकर दर्शक काफी प्रभावित नजर आए।



# मैं मतलब के लिए दोस्त नहीं बनाती

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों एक नई फ्रेंडशिप के काफी चर्चे हो रहे हैं। हालांकि, कई लोगों को ये दोस्ती थोड़ी अजीब भी लग रही है। ये नई जोड़ी है अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की। इन दोनों ही एक्ट्रेस की दोस्ती पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा में बनी हुई है। तमन्ना ने राशा के साथ अपनी दोस्ती की शुरुआत कहां से हुई और कब दोनों पहली बार मिले, इसको लेकर बात की। तमन्ना ने कहा, 'मैं और राशा एक पार्टी में पहली बार मिले। इसके बाद हम दोनों साथ में डांस करने लगे। उसके बाद हम एक-दूसरे के संपर्क में आ गए। हम दोनों के बीच उम्र का पर्याप्त फासला है, लेकिन ये मायने नहीं रखता। मैं किसी भी तरह के लाभ या मतलब के लिए किसी से दोस्ती नहीं करती हूं। यही होना भी चाहिए।'




# शाहरुख की 'किंग' में हुई दीपिका की एंट्री

**मुंबई।** 'किंग' शाहरुख और दीपिका की छठी फिल्म होगी। 'पठान' व 'जवान' के बाद यह लगातार तीसरी फिल्म होगी जिसमें दोनों सितारे साथ नजर आएंगे। हर फिल्म में फैंस को उनकी केमिस्ट्री काफी पसंद आती है। 'किंग' में यह जोड़ी एक बार फिर से लोगों पर अपना जादू चलाने की पूरी कोशिश करेगी। खबरें हैं कि अगले साल ये दोनों 'पठान 2' में भी साथ आएंगे। फिल्म 'किंग' की पूरी कहानी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन यह एक बदले की भावना से भरी एक्शन थ्रिलर हो सकती है। यह 2000 की फिल्म 'बिच्छू' और फ्रेंच फिल्म 'लियोनः द प्रोफेशनल' से प्रेरित हो सकती है। इसमें शाहरुख एक खतरनाक हत्यारे की भूमिका में नजर आ सकते हैं। सुहाना की यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले वह 'द आर्चीज' में नजर आ चुकी हैं।

टीवी मसाला



# मानसी घोष ने इंडियन आइडल 15 का खिताब किया अपने नाम

**नई दिल्ली।** सुभाजीत चक्रवर्ती और स्नेहा शंकर को हराकर कोलकाता की 24 साल की मानसी घोष ने रविवार को इंडियन आइडल 15 का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने इंडियन आइडल 15 की ट्रॉफी के साथ 25 लाख रुपए जीते। इसके साथ ही उन्हें एक लग्जरी कार भी मिली। सोनी टीवी ने एक्स पर मानसी की तस्वीर डाली और लिखा, 'कई हफ्तों के संगीत और जादू के बाद, मानसी ने न सिर्फ खिताब जीता, बल्कि लाखों दिल भी जीत लिए।' मानसी ने अपनी मां को अपनी संगीत का श्रेय दिया। उन्होंने बताया कि फिनाले में उनका परिवार रो रहा था और खुशी मना रहा था। मानसी ने कहा, 'मेरा परिवार यहां था। वे रो रहे थे और चीयर कर रहे थे। पहले तो मुझे समझ नहीं आया कि क्या करूं, लेकिन अब हम सब बहुत खुश हैं। यह एक बड़ा मंच है, इसलिए मुझे हर जगह से प्यार और आशीर्वाद मिला। उन्होंने बताया कि वह जीती हुई राशि का इस्तेमाल अपने म्यूजिक और कार के लिए करना चाहती हैं।

## 30 साल बाद दूरदर्शन के शो 'स्वाभिमान' का आएगा सीक्वल

**नई दिल्ली।** 30 वर्ष पहले दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले शो 'स्वाभिमान' का सीक्वल आने वाला है। इसकी घोषणा शो के अभिनेता रोहित रॉय ने की। रोहित रॉय ने इस शो से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। रोहित ने लिखा, 30 साल पहले, 6 अप्रैल 1995 को दूरदर्शन पर 'स्वाभिमान' रिलीज हुआ और पूरे देश में तहलका मचा दिया। साथ ही ऋषभ मल्होत्रा (उनके किरदार) का जन्म हुआ!' प्रशंसकों से मिले प्यार के लिए धन्यवाद देते हुए रोहित ने लिखा, 'तीन दशक बाद भी प्यार बरसता रहा है। मैं अपने प्रशंसकों को उनके लगातार प्यार और स्नेह के लिए जितना भी धन्यवाद दूं, कम है। किसी से प्यार करने के लिए 30 साल बहुत लंबा समय होता है। इसके लिए मैं हमेशा उनका आभारी रहूंगा। मैं इस जीवन में कभी भी आपका ऋण नहीं चुका पाऊंगा। मैं आज जो कुछ भी हूं, वह आपकी वजह से और आपके प्यार की वजह से हूं। आपका सच्चा, ऋषभ मल्होत्रा।'



# केवल दर्शक होता है सिनेमा का असली जज : आनंद पंडित

*मुंबई। दिग्गज निर्माता का मानना है कि रेटिंग्स और रिव्यूज की अहमियत एक हद तक होती है, लेकिन असली फैसला सिर्फ दर्शक ही देते हैं। प्रसिद्ध निर्माता आनंद पंडित को 70 के दशक में सिनेमा हॉल में ब्लॉकबस्टर फिल्में देखना और दर्शकों द्वारा अपने पसंदीदा सितारों का उत्साहपूर्वक स्वागत करना आज भी याद है। वे कहते हैं, 'दर्शक सीट से सीटी मारते थे, तालियां बजाते थे, नाचते थे, यहां तक कि स्क्रीन पर सिक्के भी फेंकते थे।' वे याद करते हैं, 'मैंने ऐसी भी फ़िल्में देखी हैं, जहां लोग गलत समय पर हंस पड़ते थे और तभी समझ आ जाता था कि कहानी काम नहीं कर रही है। मैंने बहुत जल्दी समझ लिया था कि एक फ़िल्म को हिट या फ्लॉप बनाने वाला सिर्फ़ दर्शक होता है। आजकल भले ही रेटिंग्स और समीक्षाओं पर ज़्यादा ध्यान दिया जाता हो, लेकिन आख़िरकार फ़िल्म की सफलता या असफलता का निर्णय दर्शक ही करते हैं।' वे आगे कहते हैं कि भले ही वे समीक्षकों की राय का सम्मान करते हैं, लेकिन दर्शकों से मिलने वाला फीडबैक उनके लिए उतना ही महत्वपूर्ण होता है। वे समझाते हैं, 'इंडस्ट्री के कुछ सबसे सफल निर्माता अपनी फ़िल्में दर्शकों के साथ बैठकर देखते हैं और ऐसे अनुभव पाते हैं जो किसी समीक्षक की समीक्षा से नहीं मिल सकते। जब आप एक क्रिएटिव इंडस्ट्री में होते हैं तो हर राय मायने रखती है, क्योंकि आप एक खाली कमरे में फ़िल्म नहीं बना रहे। आप दर्शकों की सोच को प्रभावित नहीं कर सकते, बल्कि वही आपकी फ़िल्म के बॉक्स ऑफिस परिणामों को प्रभावित करते हैं। '12वीं फेल' जैसी एक छोटे बजट की फ़िल्म का अच्छा व्यवसाय करना सिर्फ़ वर्ड ऑफ माउथ की वजह से ही संभव हुआ।' आज के सिनेमा की बात करते हुए वे कहते हैं, 'मुझे लगता है कि आज हम दर्शकों से उस भावनात्मक जुड़ाव को खो रहे हैं।*



# इस स्टार के जूतों की वजह से हिट होती थी फिल्में!

## क्या था जूतों के रंग और बॉक्स ऑफिस कमाई का ये कनेक्शन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अलग-अलग सुपरस्टार्स अपने तरह-तरह के स्टाइल्स के लिए फेमस रहे हैं। हिन्दी सिनेमा के इतिहास में इन स्टाइल्स के साथ सुपरस्टार्स सिनेमाघरों में तहलका मचाने में कामयाब रहे हैं। किसी एक्ट्रेस का हेयरस्टाइल उनके नाम से मशहूर रहा, कोई हीरो मफलर तो कोई किसी खास कलर के कपड़ों की वजह से चर्चा में रहा और आज तक याद किया जाता है। बहुत से सुपरस्टार्स ऐसे भी हैं जो यह मानते हैं की इन स्टाइल्स को अपनाने के बाद उनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शनस ने आसमान छुआ और उन्होंने अपने कारियर में लंबी छलांग मारी। आइए जानते हैं ऐसे ही एक सुपस्टार के इस स्टाइल के बारे में जो इत्तिफाक से उनका लकी चार्म बन गया।



### फ्लॉप हो रही थीं फिल्में

कहा जाता है कि इससे पहले जितेंद्र को काम के मामले में काफी संघर्ष करना पड़ रहा था और अगर काम मिल भी रहा था उनकी फिल्में फ्लॉप हो रही थीं। फिल्म फर्ज के बाद जितेंद्र ने इस चीज को नोटिस किया कि सफेद रंग उनके लिए लकी साबित हुआ। इसके बाद वो अपनी अमूमन सभी फिल्मों में सफेद शर्ट, ट्राउजर और सफेद जूते पहने नजर आने लगे। यह एक इत्तेफाक उनके लिए ना केवल भाग्यशाली रहा, बल्कि उनकी यूएसपी बन गया। जितेंद्र का सफेद के साथ एक ऐसा कनेक्शन बैठा कि कुछ प्रोड्यूसर्स को यह अंधविश्वास लगने लगा कि अगर जीतेंद्र सफेद जूते पहनेंगे, तो फिल्म हिट होगी।

### फर्ज में पहली बार पहने थे सफेद जूते

भारत में फिल्में अपने 'लार्जर देन लाइफ' होने के लिए जानी जातीं हैं। इसका फायदा हिंदी और साउथ दोनों जगह के सुपरस्टार्स बखूबी उठाते हैं। हिन्दी फिल्मों के लार्जर देन लाइफ होने की वजह से तमाम सुपरस्टार्स ने अपने-अपने स्टाइल्स से शोहरत कमाई है। 70 और 80 के दशक के बॉलीवुड और साउथ दोनों के सुपरस्टार रहे जितेंद्र की कहानी भी कुछ ऐसा ही बयान करती है। 1967 की फिल्म फर्ज में जितेंद्र ने पहली बार सफेद जूते पहने थे।

## 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में होगी रिलीज, जोर-शोर से कर रहे प्रमोशन

# जाट बने सनी देओल की सफलता के पीछे इस शख्स का है हाथ

*मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सनी देओल बहुत जल्द एक्शन-ड्रामा फिल्म 'जाट'में नजर आएंगे। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब फिल्म को आने में 2 दिन रह गए हैं और मेकर्स भी फिल्म का हाइप दोगुना करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सनी पाजी भी फिल्म का प्रमोशन जोर-शोर से कर रहे हैं। रामनवमी के मौके पर फिल्म का दूसरा गाना रिलीज हुआ। इस बीच सनी देओल ने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में अपनी सफलता का श्रेय एक शख्स को दिया है। इसी के साथ उन्होंने अपनी आगामी फिल्मों लाहौर 1947-बॉर्डर 2 पर भी अपडेट साझा की है।*




### सनी को फिल्म की कहानी कैसी लगी?

सनी देओल ने फिल्म के बारे में कहा, 'मैत्री मूवी मेकर्स वाले ये फिल्म बना रहे हैं। फिल्म के निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी मेरे पास पहले जो कहानी लेकर आए थे, वह मुझे पसंद नहीं आई, लेकिन जब ये 'जाट'का विषय लेकर वह मेरे पास आए तो मुझे ये बहुत ही प्यारा लगा। और जैसा प्यार फिल्म के ट्रेलर को मिल रहा है, उससे भी लगता है कि मेरा चुनाव सही रहा।

### किस शख्स को दिया सफलता का श्रेय?

सनी देओल ने लंबे वक्त बाद गदर 2 जैसी हिट फिल्म दी थी। इसके बाद उन्होंने लगातार फिल्में साइन की। एक्टर ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी बड़ी बहू त्रिशा को देते हुए कहा, जब से हमारे घर एक और बेटी (करण की पत्नी दृशा) आई है, ऐसे लगता है कि हमारे घर लक्ष्मी आ गई हैं।

### 'लाहौर 1947' और 'बॉर्डर 2' पर दिया अपडेट

'लाहौर 1947' हम लोग बहुत दिनों से बनाने की सोच रहे थे। राज (राजकुमार संतोषी) को तब फिल्म के लिए निर्माता नहीं मिल रहा था। 'गदर 2' के बाद चीजें बदलीं। आमिर को भी ऐसी ही फिल्म बनानी थी तो सब मिल गए और काम शुरू हो गया। 'बॉर्डर 2' पर इसके बाद काम पूरा करना है मुझे, वह भी मेरी जिम्मेदारी ही है। और इसके बाद मैं 'रामायण'में हनुमान के अपने किरदार पर काम शुरू करूंगा। बॉर्डर 2 एक वॉर फिल्म होगी, जिसका निर्देशन अनुराग सिन्हा करेंगे और इसका निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगे। यह 1997 की हिट बॉर्डर का सीक्वल है। इस फिल्म में सनी देओल के अलावा वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी भी महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगे।



### एक दिलचस्प जरिया है ओटीटी

सनी ने यह भी बताया कि ओटीटी अभिनेताओं और निर्देशकों के लिए एक दिलचस्प जरिया है, क्योंकि इससे डाइवर्सिटी मिलती है। सनी ने कहा कि उनकी फिल्में ओटीटी पर आने से आज की जनरेशन के लिए भी रिलेवेंसी बढ़ गई हैं। 'जाट' के बारे में बात करते हुए, सनी ने कहा कि गोपीचंद मालिनेनी के साथ काम करना एक बेहतरीन अनुभव रहा है। उन्होंने कहा, 'यह मेरी पहली फिल्म है, जो साउथ के डायरेक्टर के साथ है और यह बहुत अच्छा रहा है।'



# श्रृद्धा भाव के साथ निकली मन्नत वाले जवारे की शोभायात्रा

**जबलपुर।** कजरवारा खेरमाई मंदिर में रखे गए जवारे की शोभायात्रा गरिमामयी ढंग से निकाली गई। इस शोभायात्रा में महाकाली के रूप में खप्पर के साथ भक्तों को दर्शन दे रही थीं, जो श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बन गई।कजरवारा खेरमाई समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह नेगी (अशसु ठाकुर) ने बताया कि इस बार भी पूर्व के चैत्र शिवरात्रि के आयोजन की तरह माई के दरबार में धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जगह-जगह भक्तों ने पेयजल और भंडारे का आयोजन किया, जिससे करीब दस हजार श्रद्धालुओं ने इस शोभायात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पूजन और अर्चन भी किया गया।खेरमाई समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह नेगी, मंदिर पुजारी रिब्बू शर्मा, राजू पटेल, जयसवाल, अटल उपाध्याय, मतों पहलवान, कार्तिक सिंह, छोटू वाल्मीक, पलाश ठाकुर, शुभम दाहिया, कुनाल पवार, शुभम महतो, सतन महतो और अन्य समिति सदस्य नो दिन जवारे की सेवा में योगदान देकर इस शोभायात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# धनवंतरी नगर से निकली श्रीराम जन्म शोभायात्रा



**जबलपुर।** श्री रामलीला समिति गगढ़ा द्वारा आयोजित श्री राम जन्म शोभायात्रा के 35 में वर्ष के पावन उपलक्ष में धनवंती नगर साँई कॉलोनी के गेट के सामने दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक विंध्य रामायण मंडल के केशव प्रसाद मिश्रा, सुरेश तिवारी, पुष्पराज तिवारी, उमाशंकर तिवारी, राम सजीवन तिवारी के द्वारा सुंदरकांड की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज के सानिध्य में एवं मंत्री प्रतिनिधि लेखराज सिंह के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर सुधीर रंजन दुबे की अध्यक्षता में शोभा यात्रा निकाली गई। मंच पर भगवान श्रीराम, भारत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न और देवाधिदेव महादेव का पूजन अर्चन अतिथियों के द्वारा किया गया। तदोपरांत समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष ठाकुर राजेंद्र सिंह, निदेशक पंडित राजेश मिश्रा, मंत्री डॉ भूपेंद्र उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक सिंह बघेल “दादा भाई”, शरद दुबे कुररिया, सुरेश तिवारी, राकेश पाठक, लोकराम कोरी, हरीश मनोध्याय,नीरेश चौबे राजेंद्र प्यासी, रामफल मिश्रा, के.के. शुक्ला, भोलाराम खत्री, एडवोकेट अर्जुन साहू, लोक राम कोरी, दिनेश मिश्रा कैलाश नेमा एवं मुकेश मिश्रा के द्वारा स्वामी जी का पूजन अर्चन किया गया। मंच पर डॉक्टर पुष्पराज सिंह बघेल कुलसचिव मध्य प्रदेश मेडिकल विश्वविद्यालय जबलपुर एवं सतीश कुमार श्रीवास्तव पूर्व कार्यपालन अभियंता राज्य विद्युत मंडल का अभिनंदन किया गया इसके बाद शोभायात्रा विशाल बैंड की मनमोहक धुनों के साथ दुल-दुल घोड़ी, धमाल आतिशबाजी के साथ प्रारंभ हुई। जिसमें नगर की सभी मातृ शक्तियों एवं गण नागरिकों पार्षद जितेंद्र कटारे, राजेश नेमा, मोतीलाल शिवहरे, नरेश मिश्रा नीरज दुबे, प्रमोद तिवारी एडवोकेट अरुण दीक्षित, जवाहर यादव, ज्योति मिश्रा, निधि तिवारी, नंदिनी चौबे, रेखा उपाध्यक्ष अनीता मिश्रा, संध्या भार्गव, इंदु लता प्यासी, चंद्रा दीक्षित, अंजना मिश्रा, मधु पांडे, पंकजा शुक्ला, जया मिश्रा, सीमा चौबे, उमा खरे, मधुबाला तिवारी, मदन गोपाल पटेल, संजय नेमा, रमाशंकर कटारे जितेंद्र सोनी,डॉक्टर रमेश बसेड़िया, पंडित प्रमोद शुक्ला, दीपक तिवारी,हनुमंत सिंह रघुवंशी ने शोभायात्रा में हिस्सा लिया।

# आचार्यश्री के प्रथम नगर आगमन पर उमड़े जैन धर्मी

जबलपुर।



108 आचार्य श्री समय सागर महाराज का आज सुबह हुआ नगर आगमन हालांकि आयोजकों की अव्यवस्था का शिकार रहा, लेकिन श्रद्धालुओं में गजब उत्साह देखा गया। आयोजन में कौन क्या देख रहा है, ये बताने वाला कोई नहीं था। पुलिस व्यवस्था के लिए तैनात थी, पर पदाधिकारी खुद अव्यवस्था फैला रहे थे। प्रचार, स्वागत सहित अन्य मामले में सामंजस्य का अभाव दिखा। फिर भी बड़ी संख्या में लोग महाराजश्री के आगमन पर हजारों की संख्या में भव्य स्वागत करने पहुंचे। अल सुबह आईटीआई चुंगी से उनकी अगवानी की गई। फुहारा में उनका भव्य स्वागत किया गया। हजारों की संख्या में आचार्य जी के दर्शनार्थ जैन धर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ आई। इस अवसर पर आचार्यश्री ने आशीर्वचन कहे। मालूम हो कि आचार्यश्री पाटन रोड स्थित रोसा व उजरोड़ से यहां पहुंचे थे। यहां शहर के भक्तों ने उन्हें नगर में पधारने का अनुरोध किया उनके अनुरोध पर आचार्य श्री शहर की ओर आए। दमोहनाका में उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वह फुहारा पहुंचे। इस अवसर पर विधायक इंदू तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व विधायक विनय जैन, प्रतिपक्ष नेता अमरीश मिश्रा, अखलेश जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मालूम हो कि आचार्यश्री 10 साल पहले जबलपुर प्रवास पर थे, तब वह मुनिश्री थे। आचार्य विद्यासागर के स्थान पर समयसागर महाराज को आचार्यश्री से सुशोभित हुए। कार्यक्रम में जैन पंचायत संस्था के नेतृत्व में अध्यक्ष कैलाश चंद जैन, महामंत्री अनिल जैन, गुड्डा, उपाध्यक्ष मनीष जैन कल्लू, उपाध्यक्ष सुजीत जैन द्वारा सराहनीय प्रयासों से आचार्यश्री का नगर आगमन हुआ।



# कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दुबे को मिला राष्ट्र गौरव सम्मान

**जबलपुर।** विप्र सेवा संघ द्वारा गत दिवस रीवा के चिराहुला मंदिर में देश के 30 प्रतिष्ठित नागरिकों को राष्ट्रीय गौरव सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित कार्डियोलॉजिस्ट व गैलेक्सी हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अखिलेश दुबे को स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए राष्ट्र गौरव सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में उन्हें उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विप्र सेवा संघ के अध्यक्ष राजीव शुक्ला मौजूद रहे। अध्यक्ष श्री शुक्ला ने बताया कि समारोह में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर गंगाराम हॉस्पिटल के डॉ. वेद चतुर्वेदी भी सम्मानित हुए। इसके अलावा देश के लिए अहम योगदान देने वाली हस्तियों को समारोह में राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से नवाजा गया।



# भाजपा विशिष्ट राजनीतिक दल बना

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी अपना 45वां स्थापना दिवस मना रही है। जब हम भाजपा के नाते जब हम आकलन करते हैं तो हमें अपनी उपलब्धियों पर गौरव की अनुभूति होती हैं, भारतीय जनता पार्टी अपनी विचारधारा, कार्यपद्धति और कार्यों के कारण एक विशिष्ट राजनीतिक दल बन गया है।भारतीय जनता पार्टी के 06 अप्रैल को 45वें स्थापना दिवस पर राष्ट्र निर्माण के संकल्प, समर्पण एवं संगठन निर्देशानुसार जबलपुर जिला के उत्तर मध्य विधानसभा 98 के स्वामी विवेकानंद मंडल के अंतर्गत कमला नेहरू वार्ड, बूथ क्रमांक 203 पर आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकी, मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय यादव, पार्षद अंशुल राघवेंद्र यादव, बूथ अध्यक्ष रश्मि केवट, श्वेता सिंह, सरिता शर्मा, प्रीति प्यासी, श्रीमती अर्चना यादव, रोशनी कुंभरे, नीलम शर्मा, राघवेंद्र यादव, योगेश बिलोहा, नितिन मिश्रा, राहुल बेन, रमेश खरे, सुमित सिंह, शैलेंद्र सिंह, प्रदीप पाठक, अरुण दुबे, बलराम पटेल, रोशन साहू, चिंटू पटेल, मोंटी रैकवार, शशांक केवट एवं समस्त कार्यकर्ता एवं नगरवासी शामिल हुए।



# मैया की महाआरती कर प्रसाद वितरित किया

**जबलपुर।** हर वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में कछपुरा में विशाल महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के आसपास के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाआरती के संयोजक गोपाल जी ने बताया कि माता रानी का नित्य श्रृंगार पूजन अर्चन विधि विधान से किया गया एवं नवमी वाले दिन माता रानी की विशाल महाआरती की गई, जिसमें क्षेत्र की मातृ शक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाआरती संपन्न होने के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया, माता रानी सभी लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। गोपाल तिवारी के नेतृत्व में महाआरती कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीकान्त कूक्की, सेरु रैकवार, लालू बाबू, दीपेश बाबू, सोनू, राघव, हिमेश, भैया, प्रशांत, अक्षत, सनी, यश दुबे इत्यादि भक्तगण मौजूद रहे।

# मृत अज्ञात व्यक्तियों के अंतिम संस्कार का फण्ड हो मध्यप्रदेश सरकार में

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को एक पत्र मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा भेजा गया जिसमें ये माँग की गई कि अज्ञात मृत व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए सरकार में फण्ड हो और वो कलेक्टर के अंडर हो ताकि अज्ञात मृत का अंतिम संस्कार सही नियम से हो सके। इस आशय का पत्र डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन, एड. आशीष त्रिपाठी, एड. साक्षी भारद्वाज, एड. अंकित मिश्रा, एड. रोशन मंध्यानी, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. प्रशांत जैन, एड. आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा दिया गया।

# सांई यज्ञ, हवन एवं विशाल भण्डारे के साथ रामनवमी महोत्सव सम्पन्न



**जबलपुर।** सांई मंदिर दक्षिण सिविल लाइन में तीन दिवसीय रामनवमी एवं सांई जन्मोत्सव का सांई यज्ञ, कन्या पूजन एवं भण्डारे के साथ समापन हुआ। केन्ट विधायक अशोक रोहाणी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्याम कनौजिया ने कन्या पूजन कर प्रसाद वितरण किया। रविनंदन सिंह, सुनील चंदेल एवं प्रेम भण्डारी ने सांई बाबा की चादर, प्रतीक चिन्ह, श्रीफल देकर उनका स्वागत किया। सांई यज्ञ एवं हवन में सांई भक्तों ने आहुतियां दी।

सांई बाबा का विशाल भण्डारा प्रांगण में दिन भर चलता रहा। अनेक सांई मंदिरों के प्रतिनिधि तथा हजारों सांई भक्तों ने सांई बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। संध्या महाआरती मध्यप्रदेश शासन के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह द्वारा सम्पन्न हुई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा सांई बाबा सर्व धर्म समभाव के प्रतीक थे, सबका मालिक एक, हिन्दु, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई, सब हैं भाई-भाई के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। समिति के मृगेन्द्र नारायण सिंह, डॉ. सुनील देशपाण्डे, कमलेश अग्रवाल, डॉ. तनुश्री सिंह, लक्ष्मणदास, भीमराव आदि ने सांई भक्तों का आभार व्यक्त किया। तीन दिवसीय सांई महोत्सव को सफल बनाने में रवि पाण्डे, राजेन्द्र तोमर, मनोहर कनौजिया, अशोक स्वामी, लख्मीचंद जगवानी, लालजी रजक आदि का सहयोग रहा।



# मां नर्मदा वृद्ध आश्रालय संस्था में हुआ दुर्गा सप्तशती पाठ

**जबलपुर।** नवरात्रि के दुर्गाष्टमी के शुभ अवसर पर दुर्गा सप्तशती पाठ का भव्य आयोजन असहाय बुजुर्ग अम्माओ के साथ मनाया गया जिसमें श्रीमती माला राकेश सिंह, सुजाता लेखराज सिंह, नीतू सिंह, अनसुईया सिंह, नम्रता भाटिया, प्रतिभा जैन, सीमा जुग्गी, सीमा चौहान, प्रिया सिंह, सुनीता भदौरिया, शेफाली सिंह, अनुराधा सिंह, मालती सिंह, अलका सिंह, कुसुम चौबे,नीलिमा सिंह, रंजना सिंह, मनिषा बजाज की सराहनीय उपस्थित रही, आश्रम की संस्थापिका डॉ. आराधना चौहान ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम हमेशा अम्माओ के साथ मिलकर मनाया जाता है, नर्मदा तट के पास घर नर्मदा धाम जैसा स्वच्छ और घर जैसे सर्वसुविधायुक्त माहौल में आप सभी अपना जन्मदिन और शादी सालगिरह या अन्य आयोजन किया करें और मांओं का आशीर्वाद प्राप्त करें। मानव सेवा ही माधव सेवा है।



# श्री रामनवमी पर निकाली श्रीराम रथ यात्रा

**जबलपुर।** श्री रामभक्त हनुमानबाग मंदिर सेवा समिति, गढ़ा के द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री रामनवमी पर भव्य श्री रामरथ यात्रा हनुमानबाग धाम से रविवार को अपरान्ह 4 बजे से निकाली गई। रथ यात्रा का यह 10 वां वर्ष था। हनुमानबाग धाम के संस्थापक धर्म विभूषण पंडित ब्रजेश महाराज ने बताया कि प्रभु के विग्रह को वर्ष में एक बार चैत्र नवमी को प्रातः 5 बजे जागरण, पूजन आरती के साथ गर्भ गृह से बाहर निकाला जाता है, इसके बाद श्री राजाराम अभिषेक करके दोपहर 12 बजे से श्री रामचंद्र जी का प्रकटोत्सव मनाया गया। इसके पश्चात श्री राजा रामचन्द्र जी दरबार सहित पालकी में विराजित होकर रथ में निकले।

रथ यात्रा में साधु संत, महात्मा, गणमान्य नागरिक, महिलायें एवं बड़ी संख्या में भक्तजन सम्मलित हुए। रथ यात्रा हनुमान बाग धाम मंदिर से प्रारम्भ होकर आनंद कुंज, गढ़ा बाजार, पंडा मढ़िया, शाही नाका, संजीवनी नगर, गौतम मढ़िया, शुक्ला नगर, एकता चौक, बीटी तिराहा, छोटी बजरिया होते हुए हनुमानबाग धाम में संपन्न हुई।

रथ यात्रा में जनप्रतिनिधियों ने भी सम्मिलित होकर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे, डॉक्टर पवन स्थापक, रत्नेश सोनकर, लेखराज सिंह (मुन्ना), क्षेत्रीय दुर्गा उत्सव समितियों, गणेश उत्सव समितियों एवं क्षेत्रीयजनों द्वारा स्वागत किया गया।

समिति के संरक्षक पंडित ब्रजेश महाराज एवं पदाधिकारी अभय पचौरी, डॉ. आशीष मिश्रा, आशु सेठी, दीपक उपाध्याय, सुधीर चौरसिया, मुकेश मिश्रा, नीरज सोनी, कपिल विश्वकर्मा, नितिन पांडे, अखिलेश चौरसिया, अभिषेक शुक्ला, नितिन बसेडिया, रवि सेन, अजय पाठक, संदीप उपाध्याय, नवीन सोनी आदि सभी उपस्थित रहे।



# विश्व योग, ध्यान और णमोकार मंत्र दिवस के आयोजन 9 को चल रहीं तैयारियां जोर शोर से

**जबलपुर।** 9 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले विश्व योग ध्यान एवं णमोकार मंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जबलपुर में विशेष आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के जबलपुर चैप्टर के अध्यक्ष राहुल बड़कुल ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे पंडित रविशंकर शुक्ल राइट टाउन स्टेडियम में योग एवं ध्यान के साथ प्रारंभ होगा। योग एवं ध्यान सत्र के लिए मुंबई और पतंजलि योग केंद्र से विशेष प्रशिक्षक आमंत्रित किए गए हैं। आचार्य समय सागर महाराज एवं उनके संघ के 30 से अधिक मुनि और माताजी इस कार्यक्रम में आशीर्वाद देने उपस्थित होंगे, महासचिव आशीष वर्धमान कोठारी ने बताया कि सुबह 6:30 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ योग, ध्यान होगा, जिसमें आचार्य श्री के आशीर्वचन का श्रवण करने का अवसर मिलेगा। सुबह 8:27 बजे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। संयोजक शैलेश जैन आदिनाथ ने बताया कि बैठने की व्यवस्था को सुचारु बनाने और योग, ध्यान सत्र के लिए स्थल पर विशेष प्रबंध किए गए हैं।



# हर्षोल्लास से मनाया गया सम्राट अशोक का जन्मोत्सव

**जबलपुर।** विश्व के महान सम्राट अशोक का जन्मोत्सव 06 अप्रेल को अशोका बुद्ध विहार सभा भवन एवं शिक्षा समिति रामपुर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश सिंह कैबिनेट मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि अनुपम जैन पार्षद सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड ने सम्राट अशोक के जीवन में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृंदावन वर्मा संस्थापक सम्राट अशोक क्रांति सेना एवं अध्यक्ष कुशवाहा जनजागृति विकास समिति ने की, मंच संचालन रामभजन नीलू कुशवाहा एवं राहुल, दयाशंकर कुशवाहा ने किया। आयोजन में कमलेश कुशवाहा, बालकिशोर कुशवाहा, सुमेश कुशवाहा, रमेश वर्मा, प्रफुल्ल, रावेन्द्र, दीपू, अमर सिंह, सोहन कुशवाहा, रामचन्द्र कुशवाहा, सिद्धराम यादव, रामकरण कुशवाहा, रामदर्शन कुशवाहा, रामविश्वास कुशवाहा, शैलेन्द्र, इन्द्रजीत कुशवाहा सहित समस्त सदस्यों का योगदान रहा।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकारगण अशोक कुमार मखीजा पिता स्व. श्री मेघराज मखीजा एवं श्रीमति स्नेहलता मखीजा पति श्री अशोक कुमार मखीजा दोनों निवासी- प्लाट नं. 1, 1646, पंजाब नेशनल बैंक कालोनी, चेरीताल, दमोहनाका, जबलपुर की ओर से अधिकृत होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति मौजा जबलपुर, खसरा नं. 2, रकवा 2800 वर्गफुट जिसका नगर निगम मकान नं. प्लाट नं. 1, 1646, पंजाब नेशनल बैंक कालोनी, चेरीताल, दमोहनाका नगर निगम वार्ड क्र. 27, जबलपुर में स्थित है उक्त संपत्ति के मालिक स्वामी व आधिपत्यधारी है एवं उक्त संपत्ति पर पिछले 48 वर्षो से अधिक समय से सेटल्ड पजेशन में निर्विवादित तौर पर निवासरत है। उक्त संपत्ति को लेकर मिक्की मखीजा पिता स्व. नरेन्द्र कुमार मखीजा के द्वारा अनैतिक रूप से अन्य असामाजिक तत्वों का सहारा लेते हुए उक्त संपत्ति को कब्जा करने, विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जिस वास्ते मेरे पक्षकारगण के निर्देशानुसार मिक्की मखीजा के विरूद्ध सिविल वाद/फौजदारी प्रकरण व अन्य कानूनी कार्यवाही सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जा रही है तथा इस आम इश्तहार के माध्यम से सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र या अन्य अन्तरण की कार्यवाही न की जावे व उक्त संपत्ति को लेकर किसी प्रकार के रूपयों का संव्यवहार / लेन-देन न किया जावे अन्यथा की स्थिति में व्यक्ति/संस्था व्यक्तिगत रूप से स्वयं जबावदार होंगे।

जबलपुर, दिनांक : 04/04/2025

भवदीय

प्रखर मिश्रा (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर (म.प्र.)

मोबा.: 8359014010,8602910609